SUNDAY | 08.09.2019 उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

बरेली

PAGE NO. 11 : LEFT BOTTOM

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ लॉ में वाद-विवाद प्रतियोगिता

बरेली। एसआरएमएस कॉलेज ऑफ लॉ में 'क्या अनुच्छेद 370 एवं 35 ए को हटाना असंवैधानिक है' विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के चेयरमैन देवमूर्ति, अपर जिला जज (रिटायर्ड) ने किया। प्रतियोगिता में यूपी और उत्तराखंड के 13 से अधिक कॉलेजों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। विषय के पक्ष में मयंक, सत्येंद्र कॉलेज ऑफ लॉ को प्रथम पुरस्कार, मेघा- वासुदेव ऑफ लॉ कॉलेज को द्वितीय पुरस्कार जबकि प्रेरणा जैन- एसआरएमएस कॉलेज ऑफ लॉ को तीसरा पुरस्कार मिला। विपक्ष में एसआरएमएस के पारस को पहला पुरस्कार मिला। ओवरऑल ट्राफी एसआरएमएस कॉलेज को मिली। डॉ. कमलेंद्र सिंह, डॉ. जसविंदर सिंह, डॉ. राजीव पांडेय और रुचि साह निर्णायक मंडल में शामिल थे। संचालन डॉ. निशा शर्मा, कृपा वी नारायण, आदर्शमणि त्रिपाठी ने किया। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. एसके खंडेलवाल ने दिया।